पत्र संख्या– BSDM/KYP- पत्राचार -182/2023-4063

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

प्रेषक,

राजीव रंजन ,
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

सेवा में,

सभी केवाईपी केंद्र संचालक।
बिहार कौशल विकास मिशन।

पटना, दिनांक: 28/12/24

विषयः कुशल युवा कार्यक्रम में अभ्यर्थियों का अंतिम मूल्यांकन प्रक्रिया सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे जा रहे बदलाव के संबंध में।

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग के द्वारा सात निश्चय योजना के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम (KYP) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कुशल युवा कार्यक्रम में प्रत्येक माह योग्य अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया जाता है । बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत अभ्यर्थियों की अंतिम मूल्यांकन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने एवं मूल्यांकन के प्रति अभ्यर्थियों की गंभीरता को बढ़ाने हेतु अंतिम मूल्यांकन पूर्व निर्धारित पालियो में कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस संदर्भ में बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा लिए गए निर्णय निम्नलिखित हैं -

1. कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत माह दिसंबर में फाइनल परीक्षा दिनांक 28 एवं 29 दिसंबर 2024 को निर्धारित है ।
2. सभी कुशल युवा केन्द्र अपने सर्वर एवं अन्य कंप्यूटर सिस्टम पर बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित एप्लीकेशन के अलावा कोई भी अन्य एप्लीकेशन नहीं रखेंगे।
3. परीक्षा के दो दिन पूर्व सभी कंप्यूटर सिस्टम पर LF सिस्टम चेक प्रक्रिया को करवाना सुनिश्चित करे।
4. मूल्यांकन परीक्षा अवधि में केन्द्रों पर अनुमोदित उपकरण यथा समस्त कंप्यूटर, Power Backup, CCTV Footage एवं Backup Device एवं प्रशिक्षण / मूल्यांकन संबंधी अन्य वांछित उपकरण क्रियाशील रखना सुनिश्चित करेंगे। इस निदेश के गैर अनुपालन को गंभीरता से लिया जाएगा एवं ऐसे केन्द्रों पर नियमसम्मत कार्रवाई की जाएगी।
5. सभी केन्द्रों द्वारा अंतिम मूल्यांकन से संबंधित सत्रों का CCTV Footage अनिवार्य रुप से तीन माह तक सुरक्षित रखेंगे। बिहार कौशल विकास मिशन के जिला स्तरीय पदाधिकारी

अथवा मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा कभी भी इसकी जाँच की जा सकती है एवं गैर अनुपालन की स्थिति में मिशन द्वारा केंद्र का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

अतएव सभी केंद्र संचालकों को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त बिंदुओं के आलोक में अभ्यर्थियों के अंतिम मूल्यांकन हेतु आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

राजीव 26.12.24

(राजीव रंजन)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन।
बिहार, पटना

ज्ञापांक: BSDM/KYP-पत्राचार-182/2023-4063 पटना, दिनांक: 26/12/24

प्रतिलिपि:

1. मिशन निदेशक बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला नियोजन पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सभी जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

राजीव 26.12.24

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन।
बिहार, पटना